कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कंवरनगर, ब्रह्मपुरी, जयपुर

E-mail:- govtcollegeknbjpr@rajasthan.gov.in

क्रमांकः– 2016

दिनांकः– 25/07/2023

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के नियम

1. राजस्थान के किसी विश्वविद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर
   (अ) – अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम 48 प्रतिशत प्राप्तांक हों
   अथवा
   (ब) – आवेदित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत प्राप्तांक हों
2. राजस्थान के बाहर के विश्वविद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत प्राप्तांक हों।
3. स्थान रिक्त रहने पर प्रवेश हेतु महिला अभ्यर्थियों तथा राजस्थान के बाहर के विश्वविद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।
4. किसी भी अभ्यर्थी को राजकीय महाविद्यालय में अर्हकारी स्नातक परीक्षा के बाद स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में नियमित प्रवेश का अवसर दो बार (दो स्नातकोत्तर विषय अथवा एक स्नातकोत्तर विषय एवं विधि स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम या स्नातकोत्तर डिप्लोमा) से अधिक नहीं दिया जाएगा।
5. पूर्वार्द्ध में प्रवेश के लिए अंतराल से संबंधित कोई प्रतिबंध नहीं होगा।
6. ऑनर्स स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 प्रतिशत अंकों की वृद्धि कर योग्यता सूची तैयार की जायेगी।
   (अ) – यह लाभ उन अभ्यर्थियों को देय नहीं होगा जिन्हें पास कोर्स में उच्च प्रतिशत के कारण ऑनर्स की उपाधि दी गई हो।
   (ब) – सहायक (Subsidiary) विषय में प्रवेश लेने पर भी यह लाभ देय नहीं होगा।
7. यदि किसी अभ्यर्थी के अंक सुधार की परीक्षा के बाद अंकों में वृद्धि होती है तो उसकी योग्यता के निर्धारण के लिए बढ़े हुए अंक ही विचारणीय होंगे।
8. दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के अंक समान हो तो वरीयता क्रम में
   (अ) – बोनस व बोनस रहित अभ्यर्थियों में बोनस रहित अभ्यर्थी का क्रम ऊपर होगा।
   (ब) – आवेदित विषय में अधिक प्राप्तांक वाले अभ्यर्थी का क्रम ऊपर होगा।
   (स) – अधिक उम्र वाला अभ्यर्थी ऊपर होगा।
9. यदि किसी अभ्यर्थी का नाम एक से अधिक विषयों की प्रवेश सूची में आ जाता है तो वह इनमें से किसी भी विषय में शुल्क जमा करा कर प्रवेश ले सकता है। यदि उसका नाम बाद में जारी की गयी किसी अन्य विषय की प्रवेश सूची में आता है तो उस विषय में 200 रूपये स्थानान्तरण शुल्क जमा करवाकर प्रवेश ले सकेगा और उसके द्वारा पूर्व में जमा कराया गया शुल्क समायोजित हो जायेगा।

25/07/2023

प्राचार्य

प्राचार्य
राज. महाविद्यालय
कंवर नगर, ब्रह्मपुरी, जयपुर